दिनांक : 27.03.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

विक्रम मोहत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन से वर्चुअली 'विक्रम महोत्सव 2025' के अंतर्गत उज्जैन में आयोजित "राष्ट्रीय -वैज्ञानिक सम्मेलन, विज्ञान उत्सव" कार्यक्रम में सहभागिता की । मुख्यमंत्री ने भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव हमारी गौरवशाली संस्कृति पुनर्जागरण के साथ ही प्रदेश की विकास यात्रा एवं जनकल्याण के संकल्पों को पूर्ण करने में अभूतपूर्व भूमिका निभा रहा है।

प्लास्टिक प्रतिबंध

खण्डवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने ओंकारेश्वर में 1 अप्रैल से सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओंकारेश्वर में संबंधित विभागों को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने एनआरएलएम के अधिकारी से कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कपड़े के थैले बनाकर सस्ती दरों पर लोगों को दें।

नवीन सत्र

प्रदेश में 1 अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है। नवीन शिक्षा सत्र को लेकर तैयारियां तेज़ी से जारी है। भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार ने सभी संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया है कि धूमधाम के साथ प्रवेश उत्सव मनाया जाए। साथ ही इस दिन बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक का भी वितरण किया जाएं। स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर पहुंचा दी हैं।

लोकसभा जोजिला सुरंग

जम्मू कश्मीर में एशिया की सबसे लम्बी जोजिला सुरंग का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। यह परियोजना श्रीनगर और लद्दाख के बीच सभी मौसम में सम्पर्क की सुविधा प्रदान करेगी। इसका निर्माण पांच हजार पांच सौ करोड

से अधिक की लागत से किया जा रहा है। जोजिला सुरंग परियोजना में तेरह किलोमीटर से अधिक लम्बी सुरंग का निर्माण शामिल है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान आज उत्तर देते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि जम्मू कश्मीर में दो लाख करोड रूपये की सडक अवसंरचना परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का असर दिखने लगा है। इस सीजन में पहली बार 7 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है।
कल नर्मदापुरम, रतलाम, बड़वानी, नौगांव, शिवपुरी, गुना-दमोह में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन भी गर्म रहे। नर्मदापुरम में 40.9 डिग्री, रतलाम में 40.2 डिग्री, तालुन में 40.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना जताई है। आज भी दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

समाचार संक्षेप में :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज झाबुआ–अलीराजपुर जिलों के प्रवास पर है। वे यहां मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे।
- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व एवं कम्प्यूटर विज्ञान विषय की उपयोगिता पर कल कार्यशाला हुई।
- नीमच जिले में जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ये सुनिश्चित कर रहा है कि आगामी ग्रीष्मकाल में जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल की कोई समस्या ना हो।
- मंडला में मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में संबंधित विभाग और स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक की जा रही है।
- अशोकनगर में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनांर्गत आदिवसी वसाहटों के आदिवासी परिवारों के लिए मेटरनल केम्पों का अयोजन जिले के समस्त उप-स्वास्थ केन्द्रों में आज किया गया है।

....